भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश, राज्य मुख्यालय
शांति मार्ग, श्यामला हिल्स, भोपाल

Website:www.bsgmp.net E_bsgmadhyapradesh@gmail.com Phone : 2661263,2737446 Fax: 2737446

ज्ञाप क्र0 / 1502 / रामु / गति–गावि / 2013 भोपाल, दिनांक 05 / 06 / 2013

प्रति

1. सहायक राज्य संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
   भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश
   संभागीय मुख्यालय ....
2. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड)
   जिला संघ ....

विषय :– प्रधानमंत्री / उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता कार्यशाला का आयोजन ।

सन्दर्भ :– वार्षिक कार्यक्रम सत्र 2013–2014 के अनुसार ।

–0–

विषयान्तर्गत लेख है कि यूनिट लीडर के प्रशिक्षण स्तर में वृध्दि तथा युवा एडवांसमेन्ट को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से राज्य स्तर प्रधानमंत्री / उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । आप अपने संभाग / जिले से संलग्न सूची अनुसार सत्र 2013–2014 के लिये प्रधानमंत्री / उपराष्ट्रपति शील्ड प्रतियोगिता हेतु पंजीकृत दलों के स्काउटर–गाइडर को उक्त कार्यशाला में अनिवार्य रूप से सम्मिलित कराये जाने हेतु आदेश प्रसारित कराये ।

यह कार्यशाला अत्यन्त महत्वपूर्ण है अतः इसमें प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य है । आप स्वयं सम्पर्क कर प्रतिभागियों से शिविर में उपस्थित होने का सहमति पत्र प्राप्त कर दिनांक 25 जून 2013 तक राज्य मुख्यालय को भेजे । यदि संख्या के अभाव में शिविर स्थगित होता है तो की गई कार्यवाही के लिये आप स्वयं जिम्मेदार होंगे ।

शिविर संबंधित अन्य जानकारी निम्नानुसार है :–

कार्यक्रम :– प्रधानमंत्री / उपराष्ट्रपति कार्यशाला का आयोजन ।

अवधि :– दिनांक 11 से 13 जुलाई 2013 तक ।

स्थान :– राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल ।

उपस्थिति :–1 दिनांक 11 जुलाई 2013 को प्रातः 10 बजे तक । विलम्ब से उपस्थित होने वाले को कार्यशाला में सम्मिलित नहीं किया जावेगा ।

2 कार्यशाला में पूर्ण व्यवस्थित यूनिफार्म में रहना आवश्यक है । शिविर के मध्य किसी भी प्रशिक्षणार्थियों को मुक्त नहीं किया जावेगा । शिविर समाप्ति के बाद ही मुक्त किया जावेगा

प्रस्थान :– शिविर का समापन दिनांक 13 जुलाई 2013 को शाम 5 बजे किया जावेगा उसके पश्चात् ही प्रतिभागियों को मुक्त किया जा सकेगा ।

शुल्क :– शिविर शुल्क रूपये 225 / – प्रति व्यक्ति शाला निधि से देय
विकास / विशेष शुल्क रू0 100 / – ––''––
शास0 विद्यालय के स्काउटर / गाइडर को उनके विभाग से अग्रिम व यात्राभत्ते की पात्रता होगी । अशास0 विद्यालय के स्काउटर / गाइडर को संबंधित संस्था से उपरोक्त शुल्क व मार्ग व्यय का भुगतान किया जावेगा ।

सामग्री :– दो जोडी पूर्ण व्यवस्थित यूनिफार्म, पहनने व बदलने के कपडे, मौसम के अनुसार बिस्तर, भोजन करने के बर्तन, लेखन सामग्री, अन्य प्रशिक्षण हेतु उपयोगी सामग्री साथ लावे । प्राप्त निर्देशिका भी साथ लावे ।

संलग्न – सूची

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com

पृ0क्र0/1503 /रामु/गति–गावि/2013 भोपाल, दिनांक 05/06/2013

प्रतिलिपि :– सूचनार्थ एवं कार्यवाही हेतु –

1 राज्य मुख्य आयुक्त, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
2 संयुक्त राज्य सचिव, राज्य मुख्यालय भोपाल ।
3 राज्य संगठन/प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट/गाइड) राज्य मुख्यालय भोपाल ।
4 समस्त संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संभाग ....(म0प्र0)
5 समस्त संभागीय उपायुक्त, अनुसूचित जाति एवं आदिवासी विकास ....(म0प्र0)
6 समस्त जिला शिक्षा अधिकारी/सहायक आयुक्त, आदि0विकास ....(म0प्र0)
7 वार्डन राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गांधीनगर भोपाल ।

राज्य सचिव
भारत स्काउट एवं गाइड मध्यप्रदेश

Document Produced by deskPDF Unregistered :: http://www.docudesk.com